Title : Need to improve healthcare facilities in Etah Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री देवेश शाक्य (एटा) : मेरी लोक सभा एटा, कासगंज के अन्तर्गत आने वाले मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सी० एच० सी० पी० एच० सी० पर डाक्टरों के पदों से भी आधे डाक्टर वर्तमान में स्थायी तौर पर है । जिससे स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से नही चल पा रही है । लोगों को इलाज के लिये अलीगढ़ और आगरा जाना पड़ता है ।

स्वास्थ विभाग द्वारा इन रिक्त पदों को स्थायी रूप से कब तक भरा जायेगा जिससे मरीजों को सुचारु रूप से इलाज मिल सके । रात्रि की स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी नहीं है । एटा मेडिकल कालेज में एम० आर० आई० की व्यवस्था और आपरेटर नही है । कब तक इस व्यवस्था को पूर्ण किया जायेगा । एटा कासगंज की जनता को प्राइवेट लैबों में जाना पड़ता है, जिससे पीडित परिवारों पर आधिक बोझ पड़ता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि एटा कासगंज में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिये जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने का कष्ट करे ।